# रायपुर में घुड़ सवारी थीम पर आधारित होगा डेला का नया प्रोजेक्ट

रायपुर। रायपुर में छत्तीसगढ़ की पहली घुड़सवारी-थीम पर आधारित एकीकृत लक्जरी टाउनशिप ₹डेला रेसकोर्स₹ जल्द ही नया आकर लेगा और भारत के लक्जरी लाइफस्टाइल मानचित्र पर स्थापित करेगा। 8 एकड़ का अत्याधुनिक रेसकोर्स और इंटरनेशनल पोलो क्लब इस टाउनशिप का केंद्र होगा, जहाँ पोलो मैच, घुड़सवारी ड्रेसेज और विश्वस्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन होगा। यह जानकारी डेला टाउनशिप्स के संस्थापक जिमी मिस्त्री ने दी। इस अवसर पर आरडीबी ग्रुप के विनोद दुग्गर, नाहर ग्रुप के सुखराज नाहर, अनेकांत ग्रुप के धर्मेंद्र केआर जैन और आरकेसीएएक्सटी के धीरज राठी मौजूद थे। यह टाउनशिप 50 एकड़ में फैली है और इसमें लक्जरी आवास, अंतरराष्ट्रीय स्तर के रेसकोर्स व पोलो सुविधाओं के साथ-साथ एक अनोखा आतिथ्य-संचालित रियल एस्टेट मॉडल शामिल है।